## भूतपूर्व शासकों की आस्तियां

846. **श्री शशि भूषण बाजपेयी** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने भूतपूर्व शासकों की आस्तियों की जांच की जा चुकी है;

(ख) क्या इस जांच में हैदराबाद के निजाम की आस्तियां भी सम्मिलित हैं;

(ग) यदि हां, तो उस जांच का परिणाम क्या निकला और आस्तियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि ऐसी कोई जांच नहीं की गई है तो उसके क्या कारण हैं और इस सम्बन्ध में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है;

(ङ) क्या सरकार को कुछ अन्य पूर्व-शासकों की आस्तियों के बारे में भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(च) यदि हां, तो वे शासक कौन-कौन से हैं और इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

**उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : (क) जिन भूतपूर्व शासकों का धन-कर अधिनियम, 1957 के अन्तर्गत धन-कर निर्धारण किया गया था उन सभी के बारे में सूचना तत्काल उपलब्ध नहीं है। जो शासक तथा जिन शासकों की पत्नियां धन-कर निर्धारिती हैं और जिन्होंने 20 लाख रुपये या उससे अधिक वास्तविक धन की विवरणियां दायर की अथवा जिनका कर-निर्धारण 20 लाख रुपये या उससे अधिक वास्तविक धन का किया गया, उनकी संख्या 31-3-66को 57 है।

(ख) से (घ). हैदराबाद के निजाम का भी धन-कर निर्धारण किया गया। उसकी कर-निर्धारण वर्ष 1960-61 के लिए कर-निर्धारण योग्य सम्पत्ति का ब्यौरा निम्न-प्रकार है :—

| | | |
|---|---|---|
| (1) | अचल परिसम्पद | 1,51,85,454 |
| (2) | नकद और बैंक जमा | 11,69,829 |
| (3) | शेयर तथा प्रतिभूतियां | 4,74,24,534 |
| (4) | जेवरात तथा अन्य बहुमूल्य वस्तुएं | 1,13,75,390 |
| (5) | अन्य परिसम्पद | 2,52,12,490 |
| (6) | जोड़ | 10,03,67,697 |
| (7) | घटाइए—ऋण तथा अन्य देनदारियां | 1,80,94,050 |
| (8) | कर निर्धारित वास्तविक-धन | 8,22,73,647 |

1961-62 तथा बाद के वर्षों के कर निर्धारण सम्बन्धी जांच अभी भी चल रही है।

(ङ) और (च). देश के भिन्न-भिन्न धन-कर परिमण्डलों से इस सूचना को इकट्ठा करने में काफी समय तथा श्रम लगेगा। जब कभी कोई सूचना प्राप्त होती है तो कर-निर्धारण पूरा करते समय उस सूचना की जांच की जाती है।

## भारत सेवक समाज

847. **श्री शशि भूषण बाजपेयी** : क्या **समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने राज्यों के समाज कल्याण विभागों को ये निदेश दिये हैं कि वे भारत सेवक समाज को और सहायता न दें;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) भारत सेवक समाज को अब तक दिये गये अनुदानों का ब्यौरा क्या है ?

**समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती फूलरेणु गुह)** : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) यह सूचना एकत्रित की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

### पश्चिम निमाड़ में पैट्रोलियम के भण्डार

848. **श्री शशि भूषण बाजपेयी** : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पश्चिमी निमाड़ (मध्य प्रदेश) में पैट्रोलियम तथा अन्य रसायनों के भण्डारों के बारे में कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

**पैट्रोलियम और रसायन तथा समाज कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रघुरमैया)** : (क) और (ख) तेल और प्राकृतिक गैस आयोग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, नर्वदा और तापती दरियाओं के मध्य में—निमाड़ जिले के क्षेत्र की नदियों में तेल के चिन्ह विद्यमान थे। तेल और प्राकृतिक गैस आयोग ने सूचित घटना-स्थलों का परीक्षण किया और परीक्षणों से तेल की विद्यमानता की पुष्टि नहीं हुई।

### IRRIGATION OF AGRICULTURAL LAND IN HARYANA

849. SHRI RANDHIR SINGH: Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state:

(a) whether Government have any specific proposal in view to provide irrigation to large acreage of Haryana State barani agricultural land in order to step up food production in the country and meet the food shortage;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF IRRIGATION AND POWER (DR. K. L. RAO): (a) to (c). No such proposal has been received from the Haryana Government.

### ALIGNMENT OF WESTERN JAMUNA CANAL IN HARYANA

850. SHRI RANDHIR SINGH: Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state:

(a) whether Government have any plans to the alignments of Western Jamuna Canal in Haryana State to save agricultural fertile lands from water-logging and seepage;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF IRRIGATION AND POWER (DR. K. L. RAO): (a) and (b). In their long-term plan for combating the problem of water logging, the Government of the erstwhile composite State of Punjab had envisaged the lining of some lengths of the main Canals as also tributaries, and execution of other anti-waterlogging measures in the Western Jamuna Canal area. No specific schemes for alignment or lining of the canal system has so far been proposed by the State Government.

(c) The specific schemes are yet to be drawn out on the basis of pilot anti-waterlogging schemes undertaken in the erstwhile Punjab State.

### FINANCIAL AID TO HARYANA FOR CONSTRUCTING DAMS AND RESERVOIRS FOR IRRIGATION

851. SHRI RANDHIR SINGH: Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state:

(a) whether Government have any proposal of the Haryana Government for financial aid under consideration to harness the water of Sabibi Nadi, Markanda, Drain No. 8, Ghaggar and river Jamuna by constructing dams and reservoirs to provide irrigation water in the State;

(b) if so, the details thereof and the steps being taken to implement these proposals; and